कार्यालय जनपद न्यायाधीश, अलीगढ़।

(प्रशासनिक अनुभाग)

विज्ञप्ति

मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्याः- 14/एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकितः- 15.10.2022 एवं पत्रांकः- 13858/ एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकितः- 01.11.2022 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, की अधोलिखित तालिकानुसार न्यायिक अधिष्ठान अलीगढ़ में आशुलिपिक व लिपिक संवर्ग के रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी जो एक वर्ष तक की अवधि के लिए (यदि प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से न भरी जाये या 65 वर्ष की आयु पूर्ण न हो जाये या इनमें से जो पहले हो तक) की जायेगी। भर्ती साक्षात्कार एवं सम्बन्धित कर्मचारी के पूर्व सेवा अभिलेख एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर मा० उच्च न्यायालय के अनुमोदनोंपरान्त की जायेगी।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम वेतन से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा।

आवेदक अपना आवेदन दिनांकः- 30.11.2022 की सायं 04 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

S. No.	**Post Name**	**Vacancy**
01	Stenographer Grade-II	05
02	Stenographer Grade-III	26
03	Head Assistant	02
04	Senior Assistant	76
	Total	**109**

विज्ञप्ति समस्त अवकाशप्राप्त आशुलिपिकगण/लिपिकगण के मध्य परिचालित कराई जाये। सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिश बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय,अलीगढ़ व मा० उच्च न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कराये।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, अलीगढ़ को व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रतिष्ठित स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

Bans
10/11/22

दिनांकः- 10.11.2022

जनपद न्यायाधीश
जनपद न्यायालय अलीगढ़।